दिन– गुरूवार दिनांक– 04 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हुई। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को प्रदेश के सभी पुलों का नियमित निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट कराने का दिया निर्देश।

03. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – यूरिया समेत किसी खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई।

04. और, मानसून ने केरलम् में दी दस्तक। अठारह से बीस जून के बीच पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते बिहार पहुंचने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर उनके निकटतम परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परिजनों को चार–चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी उपलब्ध करा दी गयी है। श्री सेन ने बताया कि मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम को मामले के हर बिंदु की जांच के निर्देश दिये गये हैं। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि घायलों के समुचित उपचार के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने भी हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच होगी और जो भी इसके लिए दोषी होंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी पुलों के नियमित निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिये हैं। पटना में पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में श्री चौधरी ने कहा कि सड़क और पुल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं

होगा। मुख्यमंत्री ने मुंगेर–बरियारपुर–घोरघट–सुल्तानगंज–भागलपुर–सबौर फोर लेन गंगा पथ परियोजना का निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत कराने को कहा। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान श्री चौधरी ने बढ़ती आबादी और यातायात की जरूरतों को देखते हुए ग्रामीण सड़कों की चौड़ीकरण की योजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टविटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी और रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने ग्रामीण सड़कों की नियमित निगरानी और सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

———————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में तीन लाख छिहत्तर हजार मीट्रिक टन यूरिया, एक लाख चौवन हजार मीट्रिक टन डीएपी, दो लाख अड़तीस हजार मीट्रिक टन एनपीके और एक लाख सत्रह हजार मीट्रिक टन एसएसपी का भंडार उपलब्ध है। यह भंडार जरूरत के अनुरूप पर्याप्त है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरक वितरण में अनियमितता की जांच के लिए मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता टीम गठित की गई है और कालाबाजारी तथा जमाखोरी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————

युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि रोजगार मेले के तहत मई महीने में दस हजार आठ सौ बयासी युवाओं को विभिन्न कंपनियों ने रोजगार प्रदान किया। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जुलाई महीने तक बीस हजार और युवाओं को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य है।

——साउंड बाइट——

इधर, विभाग की ओर से दरभंगा के अलग–अलग प्रखंडों में आज से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। ये मेले छह जून तक अलग–अलग प्रखंडों में लगाए जायेंगे। खगड़िया और मोतिहारी में भी आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि

कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि अब निन्यानवे प्रतिशत एल.पी.जी. सिलेंडरों की बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और छियानवे प्रतिशत से अधिक सिलेंडरों की डिलीवरी ओ.टी.पी. के माध्यम से की जा रही है।

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना आवास पर आज पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, मंत्री दिलीप जायसवाल और रामकृपाल यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में विधान परिषद चुनाव को लेकर रणनीति और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर एनडीए में जल्द ही सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के बीच विचार–विमर्श जारी है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि राज्य में संगठन का जल्द ही विस्तार किया जाएगा। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अब डिजिटल माध्यम से प्रखंड अध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष तक का चुनाव होगा। श्री राम ने कहा कि पार्टी ने डिजिटल माध्यम से ही सृजन साथी नामक अभियान की शुरूआत की है, जिसमें बढ़–चढ़ कर लोग भाग ले रहे हैं।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

गुजरात के अहमदाबाद में आज विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप के पहले संस्करण का शुभारंभ हुआ। चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तर पर बहुखेल प्रतियोगिताओं में योग को शामिल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भव्य आयोजन में वर्चुअल रूप से शामिल होकर अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा

कि भारत के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को नई पहचान मिली है और करोड़ों लोगों ने इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाया है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

दक्षिण–पश्चिम मानसून ने केरलम् में दस्तक दे दी है। इस बार मानसून अपने तय समय से तीन दिन देरी से पहुंचा है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। विभाग ने कहा है कि अठारह से बीस जून के बीच पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते मानसून बिहार में दस्तक दे सकता है। इसके बाद यह राज्य के अन्य हिस्सों में पहुंचेगा। अनुकूल परिस्थितियां रहने पर पच्चीस जून तक पूरे राज्य में मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं, कल राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

वयोवृद्ध फिल्म निर्माता और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड –सीबीएफसी के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी का आज मुंबई में निधन हो गया। वे छिहत्तर वर्ष के थे। पहलाज निहलानी ने उन्नीस सौ बयासी में आई फिल्म हथकड़ी से निर्माता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पहलाज निहलानी के निधन पर दुख जताया है। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत में उनके योगदान और रचनात्मक कार्यों को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

———————————————————————————

नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में लगभग पैंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————————

भागलपुर जिले के गोपालपुर के पोखरिया चौक के पास अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पहले से घात लगाए अपराधियों ने कारोबारी के सिर में सात गोलियां मारी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————————

पटना पुलिस ने एक कोचिंग संस्थान के सुरक्षा गार्ड द्वारा फायरिंग के मामले में दो गार्ड को हिरासत में लिया है। घटना में प्रयुक्त हथियारों को जब्त कर एफएसएल जांच के लिए भेज दिया गया है।

———————————————————————————

अररिया नगर थाना क्षेत्र के गोढ़ी चौक के पास पुलिस ने छापेमारी एक यात्री बस से सात सौ आठ ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा थाना क्षेत्र के हनुमान चौक के पास पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक सौ दस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र और परसा बिगहा थाना क्षेत्र में मद्य निषेध और उत्पाद विभाग की टीम ने लगभग सात सौ लीटर शराब और बीयर बरामद की है।

———————————————————————————

गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम ने तीन महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के तीन मोबाईल फोन बरामद किये गए।

———————————————————————————

राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत आज शिवहर के तरियानी प्रखंड के अलग—अलग गांवों में किसान जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

शेखपुरा मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र की शुरूआत की गयी है।

---

रोहतास जिले के आलमपुर पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सीनियर, अंडर–23, अंडर–19 और अंडर–15 वर्ग की टी–ट्वेंटी और वन–डे प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। प्रतियोगिताओं की शुरुआत आठ जून से होगी और मैच पटना, भागलपुर तथा सोनपुर के विभिन्न मैदानों पर खेले जाएंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में अगलगी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हुई। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को प्रदेश के सभी पुलों का नियमित निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट कराने का दिया निर्देश।

03. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – यूरिया समेत किसी खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई।

04. और, मानसून ने केरलम् में दी दस्तक। अठारह से बीस जून के बीच पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते बिहार पहुंचने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।